हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 29 नवंबर 2024
[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

inh 24x7
बढ़ते भारत की आवाज

IRON LIFE
IRON SHARPENS IRON

# Freedom RAIPUR RUN

## उद्घाटन समारोह

मुख्य अतिथि



मान. टंकराम वर्मा
खेल एवं युवा कल्याण मंत्री (छ.ग. शासन)

विशेष अतिथि




मान. पुरंदर मिश्रा
विधायक
रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र

विशेष अतिथि



मान. एजाज ढ़ेबर
महापौर
नगर निगम, रायपुर

विशेष अतिथि



मान. प्रमोद दुबे
सभापति
नगर निगम, रायपुर

## समापन समारोह

मुख्य अतिथि



मान. किरण देव
प्रदेश अध्यक्ष
भाजपा (छ.ग.)

अध्यक्षता



मान. दीपक बैज
प्रदेश अध्यक्ष
कांग्रेस (छ.ग.)

विशेष अतिथि



मान. गुरु खुशवंत साहेब
विधायक
आरंग विधानसभा क्षेत्र

विशेष अतिथि



मान. विक्रम सिंह सिसोदिया
महासचिव
छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ

## 1 DEC 2024

**10 Km. & 5 Km. CATEGORIES**
**Marine Drive Telibandha Raipur (C.G.)**
**Time : 6.00 AM (Morning)**

Title Sponsor — Freedom Refined Sunflower Oil
Prayer Partner — परिमल भारतवासी अगरबत्ती — भारत देश कि सर्व श्रेष्ठ खुशबु
Associate Sponsors — CONCRETE TMT & PIPES (मजबूती ही हमारा विश्वास है) | IB GROUP | ABIS | RUNGTA EDUCATIONAL FOUNDATION BHILAI-CHHATTISGARH | R1
Health Partner — SANJEEVANI CANCER CARE FOUNDATION
Outdoor Partner — ASA ADVERTISING AGENCY
RAMA TMT BARS ANDAR SE ATOOT | Vachan Great Taste. Enriched Life | IFFCO | छत्तीसगढ़ प्राईवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन पंजीयन क्रमांक 3940 स्थापना वर्ष 2012 | निजात नशीले पदार्थों को ना, जिंदगी को हां. सेवा सुरक्षा अनुशासन रायपुर पुलिस छत्तीसगढ़

**(BIB Distribution on 30th Nov.)**
**Venue - Haribhoomi Office, Raipur**
**Time - 11 AM. to 4 PM.**
**Only Registered Participants for BIB***

# प्राथमिक शाला जोन्दरापदर में मनाया गया संविधान दिवस






**कोण्डागांव।** कोंडागांव जिला अंतर्गत संचालित प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में 26 नवम्बर को संविधान दिवस के अवसर पर विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम संविधान की उद्देशिका का वाचन प्रधान अध्यापक मधु तिवारी द्वारा किया गया। तत्पश्चात बच्चों ने मानव श्रृंखला का निर्माण किया एवम संविधान पर आधारित आकर्षक पेन्टिंग से अपनी भावनाओं को उकेरा। संविधान में लिखित मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य बाल अधिकार बच्चों की सुरक्षा आदि से संबंधित जानकारी बच्चों को उपलब्ध कराई गई। संविधान दिवस में शिक्षिका स्मिता नेताम ने भी भरपूर सहयोग प्रदान किया।

# मयूर डोंगर में छात्र-छात्राओं ने गांव की गलियों में निकाली रैली




**कोंडागांव।** संविधान दिवस पर हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर में छात्र छात्राओं ने गांव की गलियों में निकाली रैली और संविधान दिवस अमर रहे के गगनभेदी नारे लगाए। रैली के बाद स्कूल प्रांगण में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य मुकेश सैमसन, जमील अहमद, यशवंत देवांगन, जीवनधर नेताम, दिनेश गंधर्व, हेमंत देहरी, संजीव तालुकदार, श्रीमती रीता प्रधान, दिलेश्वरी दर्रो, प्रमानन्द बैद्य आदि उपस्थित रहे।

## भारतीय पंचायत परिषद के जिलाध्यक्ष बनाए गए जितेंद्र

**फरसगांव।** अखिल भारतीय पंचायत परिषद का जितेंद्र कुमार सिन्हा को कोंडागांव का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह निर्णय संगठन की कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। जितेन्द्र सिन्हा पंचायत विकास, ग्रामीण उत्थान और सामाजिक समरसता के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय योगदान दे रहे हैं। उनकी नेतृत्व क्षमता, दूरदर्शिता और संगठनात्मक कौशल को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया। इस नियुक्ति के अवसर पर परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक गुप्ता ने कहा श्री सिन्हा जी के नेतृत्व में कोंडागांव जिले की पंचायतें और भी सशक्त होंगी। ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और पंचायतों के सशक्तिकरण के लिए उनका अनुभव अमूल्य होगा। जितेंद्र सिन्हा ने अपनी नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए कहा मैं इस जिम्मेदारी के लिए प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक गुप्ता का धन्यवाद करता हूं। पूर्ण विश्वास दिलाता हूं कि पंचायतों के विकास और समाज कल्याण के लिए अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से पालन करूंगा।



## दौरा: बस्तर संभागायुक्त ने बैठक लेकर विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की

# स्वच्छता अभियान को रखें जारी, आमजन की समस्याओं का करें निराकरण: कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बस्तर संभागायुक्त डोमन सिंह ने हाल ही में कोण्डागांव का दौरा किया और जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। इस बैठक में उन्होंने स्वच्छता अभियान को निरंतर जारी रखने और आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण पर विशेष जोर दिया।

- अधिकारी स्कूलों में जाकर बच्चों को पढ़ाएं

संभागायुक्त ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शुरू किए गए सफाई अभियान को सभी विभागों को अपने–अपने कार्यालयों में जारी रखना चाहिए। उन्होंने राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रकरणों के समय पर निराकरण पर जोर दिया।



पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा और स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वीकृत कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के तहत कार्ड बनाने और सिकलसेल स्क्रीनिंग के लिए दूरस्थ अंचलों में कैंप लगाने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण योजना और प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत न्यौता भोज कार्यक्रम की भी जानकारी ली। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि वे स्कूलों में जाकर बच्चों को पढ़ाएं। आदिवासी विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने छात्रवासों में सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा। महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत सुपोषण योजना के तहत आंगनबाड़ियों में पोषण आहार के वितरण की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए।

### योजनाओं को धरातल पर लाने प्रयास जारी: कलेक्टर

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। इस बैठक में कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य और पशुपालन विभागों के कार्यों की भी समीक्षा की गई। संभागायुक्त के इस दौरे से जिला प्रशासन को विभिन्न विभागों के कार्यों में और अधिक तेजी लाने के लिए प्रेरित मिलेगा। इस अवसर पर डीएफओ, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## करंजी संकुल में हर्षोल्लास से मनाया गया संविधान दिवस




**कोण्डागांव।** करंजी संकुल के नन्हे–मुन्ने छात्र–छात्राओं ने राष्ट्रीय संविधान दिवस को उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम सरपंच इम्लेश्वरी बघेल ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षक–शिक्षिकाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और अतिथियों ने संविधान की प्रस्तावना पर प्रकाश डालते हुए सामूहिक रूप से संविधान शपथ ली। छात्र–छात्राओं के लिए यह अवसर संविधान के महत्व को समझने का प्रेरणादायक मंच बना। कार्यक्रम की अगली कड़ी में, कार्यक्रम संयोजक टी. ऐंकट राव के नेतृत्व में एक संविधान जागरूकता रैली निकाली गई। छात्र–छात्राओं ने गांव के चौक, चौराहों और मोहल्लों में रैली निकालकर ग्रामवासियों को भारतीय संविधान की शक्ति और उसकी विशेषताओं के प्रति जागरूक किया। टी. ऐंकट राव ने जानकारी दी। इस अवसर पर संकुल समन्वयक रमन ठाकुर, शिक्षिका सारिका वैष्णव, सोना नेताम, पंचगण और ग्राम के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने न केवल बच्चों, बल्कि गांववासियों के लिए भी संविधान की शक्ति और उसकी सुंदरता को समझने का अवसर प्रदान किया।

# संगठन को मजबूत करने के लिए बूथ कमेटियों का गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा नगर मंडल द्वारा मोर बुथ मोर अभियान के तहत संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए बूथो और कार्यकारिणी सदस्य का चयन एवं बुथ कमेटी का गठन, समस्त बुथो की बैठक कर, सर्वसम्मति से किया जा रहा है। संगठन के महापर्व, सदस्यता अभियान के पश्चात बुथ कमेटी के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। बुथो को सशक्त बनाने के लिए सभी वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है, बुथ कमेटी संगठन की सबसे मजबूत इकाई मानकर, सशक्त बूथ बने, इस पर संगठन के द्वारा नियुक्त सभी पदाधिकारी अपने-अपने प्रभार क्षेत्र में बुथ कमेटी की बैठक लेकर बुथ के गठन की कार्रवाई कर रहे हैं, भाजपा नगर अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने बताया है भाजपा की संवैधानिक व्यवस्था के तहत भूत अध्यक्ष का चुनाव मंडल अध्यक्ष का चुनाव जिला अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होना है इसी कार्यक्रम में जगदलपुर नगर मंडल के 101 बुथ कमेटी का गठन करने का लक्ष्य पार्टी संगठन की ओर से मिला है। 101 बुथ पर निरंतर गठन का कार्य किया जा रहा है शहर के अलग-अलग क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं को शक्ति केंद्र स्तर पर जिम्मेदारी दिया गया है चुनाव संपन्न कराने हेतु शक्ति केंद्र स्तर पर चुनाव अधिकारी की जिम्मेदारी मिली है और सुरेश गुप्ता सभी चुनाव अधिकारियों के साथ हर बहुत तक पहुंच कर चुनाव संपन्न कराने में मदद कर रहे है। आज नगर के डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी शक्ति केंद्र गुरु गोविंद सिंह शक्ति केंद्र अटल बिहारी वाजपेई शक्ति केंद्र, अंबेडकर शक्ति केंद्र प्रताप देव शक्ति केंद्र पंडित दीनदयाल उपाध्याय शक्ति केंद्र के विभिन्न वार्डों में बूथों का गठन की प्रक्रिया पूर्ण हुई गुरु गोबिंद सिंह शक्ति केंद्र में बूथ कमेटी का गठन किया गया। बूथ कमेटी के अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारी की नियुक्ति की गई। नगर अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने सभी नवीन पदाधिकारी को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उन्हें संगठन कार्य के प्रति प्रेरित किया।

आज की बूथ कमेटी गठन की प्रक्रिया में महापौर सफिरा साहू, राजेंद्र बाजपेई, आरेंद्र सिंह, रंजीत पांडे मनोहर तिवारी, शशी पाठक, योगेश शुक्ला, लाला किशोर महावर, रोशन झा, योगेश ठाकुर, प्रकाश झा, हेमंत सिन्हा आत्मा राम जोशी के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता की अनुपस्थित रहे।

## फैंसी स्टोर्स में लगी आग, लाखों रुपए का सामान जलकर हो गया खाक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बोधघाट थाना क्षेत्र स्थित आड़ावाल के जयगुरू फैंसी स्टोर्स में गुरुवार सुबह आग लगने से लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। आगजनी की सूचना पर बोधघाट पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के मुताबिक आग लगने की सूचना मिलते ही बोधघाट थाना प्रभारी लीलाधर राठौर टीम के साथ मौके पर पहुंचे और इसकी खबर एसडीआरएफ को दी। जब तक एसडीआरएफ की टीम पहुंचती आग काफी फैल चुका था। मौके पर पहुंचे पुलिस व एसडीआरएफ टीम के जवानों ने आग बुझाने का काम शुरू किया। दमकल की तीन गाड़ियों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया नहीं तो आसपास की दुकानें भी आग की चपेट में आ सकती थी। बोधघाट टीआई लीलाधर राठौर ने बताया कि आगजनी की सूचना पर तत्काल पहुंचकर मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का काम शुरू कर दिया गया था लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक लगभग दो लाख का सामान जलकर खाक हो चुका था। आगजनी में कितने का नुकसान हुआ अभी इसका आंकलन नहीं किया जा सका है। प्रार्थी के आने के बाद इसका सहीं आकलन किया जा सकेगा।

# जिला मुख्यालय में संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



जिला मुख्यालय में संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन सर्व अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग, पिछड़ा वर्ग एवं धार्मिक अल्पसंख्यक समाज के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुई। मुख्य अतिथि जसकेतु उसेंडी, उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद कोंडागांव ने भारत के संविधान की उद्देशिका का पठन कराया। उपस्थित जनसमूह ने सामूहिक रूप से संविधान की उद्देशिका को दोहराया और "भारत का संविधान अमर रहे" तथा "बाबा साहेब अमर रहें" के नारों से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्व अनुसूचित जाति वर्ग के अध्यक्ष धंसराज टंडन ने की। विशिष्ट अतिथियों में एम.डी. बघेल, नीलकंठ शार्दुल, दीपेश अरोरा, सी.एल. मेश्राम, लखमू राम टंडन, शीतल कोराम, एस.आर. सोरी, शंकर विश्वकर्मा, सुखदेव सिंह, तरुण गोलछा, यतींद्र सलाम, तरुण नाग, सुश्री गुनमती नायक, दिनेश डे, उसेंडी एसडीओ, सौरभ उपाध्याय थाना प्रभारी, और कई अन्य गणमान्य नागरिक, अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि जसकेतु उसेंडी ने अपने संबोधन में कहा, संविधान हमारे देश की आत्मा है। इसी की बदौलत हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार मिला है। संविधान ने धर्मनिरपेक्षता और भाईचारे की भावना को मजबूत किया है। हमें इसे हर कीमत पर सुरक्षित रखना है और इसके प्रति सम्मान बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। अन्य वक्ताओं ने कहा कि संविधान के कारण ही आज सभी धर्म, समुदाय और पंथ के लोग समानता और भाईचारे के साथ रहते हैं। अतिथियों ने यह भी जोर दिया कि ग्रामीण क्षेत्रें में संविधान की पुस्तकें पहुंचाई जानी चाहिए ताकि लोग अपने अधिकार और कानून की जानकारी प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम का संचालन रमाकांत महाजन, अध्यक्ष बौद्ध समाज, ने किया और आभार प्रदर्शन धंसराज टंडन ने किया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों और उपस्थितजनों ने इस बात पर जोर दिया कि संविधान हमारे राष्ट्र की एकता और अखंडता का आधार है। पूरे समारोह के दौरान संविधान और बाबा साहेब के प्रति गहरा सम्मान और आस्था व्यक्त की गई। इस आयोजन ने कोंडागांव नगर में संविधान दिवस को एक नए जोश और उत्साह के साथ मनाने की परंपरा को और मजबूत किया।

## इलेक्ट्रॉनिक तौल से धान बेचना हुआ और आसान

**कोण्डागांव।** जिले में धान खरीदी कार्य में तेजी आ रही है, धान खरीदी केन्द्र सोनाबाल में धान बेचने पहुंचे किसान सुधरू कोर्राम ने बताया कि खरीदी केंद्र में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध है। जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ रहा है। वहीं इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन से वजन की सही जानकारी मिली रही है। सुधरू कोर्राम जैसे कई किसानों के लिए इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन उपयोग सही वजन साथ किसानों को उनके उत्पादन का उचित मूल्य मिल रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय प्रदेश के अन्नदाताओं के कल्याण और उनके उत्तरोत्तर प्रगति के लिए निरंतर प्रयासरत है। राज्य सरकार के मंशानुरूप धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता लाने के लिए कई सुविधाएं प्रदान की गई है। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा खरीदी कार्य के दौरान कड़ी निगरानी रखी जा रही है। जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

## पेज 11 के शेष

### टेलकाबोड गांव के...

कुछ दूरी पर रहने वाले पुन्नू सिंह के गाय के बछड़े को तेंदुआ उठाकर ले गया है, जिसकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है यानी अभी तक कोई अवशेष नहीं मिले है। वन विभाग ने दोनो ग्रामीणों को मुआवजा प्रकरण के लिए आवेदन देने की सलाह भी दिया है।

### छिंदखड़क एवं तिरियारपानी...

यहां तक पहुंचा है। अब आप लोगों की समस्या मेरी समस्या है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि आप लोगों कि गांव में जो भी समस्या है, उसे पूरा करने का प्रयास करूंगा। ग्रामीणों ने कहा कि हमसे जो वादा किया था, उसे इतने कम समय में पूरा किया, यह इस गाँव के लिए बड़ी बात है। इसके पहले कई लोगों ने भी आश्वासन दिया था, परंतु पूरा किसी ने नहीं किया। सीसी सड़क बन जाने से हम लोगों को आने जाने में जो दिक्कत होती थी, उसमें राहत मिल जाएगी। टीना शेड मिलने से इसके नीचे बैठकर स्थानीय कार्यक्रम भी किए जा सकेंगे। आयोजित कार्यक्रम में दोनो गाँव के ग्रामीण व सियान व महिलाएं उपस्थत रही।

### एटीएम 1 माह...

में ताला लगा हुआ है। इस संबंध में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर के सहायक सीईओ एसए रजा ने बताया है कि एटीएम मशीन खराबी की जानकारी मिली है। तकनीकी खराबी होने के कारण जल्दी से जल्दी सुधार कर प्रारंभ किया जाएगा।

### सर्व आदिवासी समाज...

हल्बा भवन भानुप्रतापपुर में आयोजित किया जाएगा और साथ ही युवा प्रभात महिला प्रभात का ब्लॉक स्तरीय मनोनीत किया जाएगा।

### खड़े ट्रक से...

वहीं पर खड़ी है एवं ग्राम वासियों ने पुलिस प्रशासन से मांग किया है कि खराब ट्रक को सड़क किनारे से हटाया जाए, जिससे भविष्य में दूसरी घटना न हो सके। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 YEARS OF TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
Google Rating | PHILIPS Authorized dealer | PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 29 नवंबर 2024



12 आदिवासी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के तहत...




12 कोदापाखा धान उपार्जन केंद्र में शानदार इंतजाम...






## खबर संक्षेप



### भागवत कथा का शुभारंभ आज कलश यात्रा से होगी

**कांकेर।** श्रीमदभागवत कथा अमृत वर्षा का आयोजन 29 नवंबर से शुरू हो रहा है, भागवत कथा प्रारंभ होने के पहले कलश यात्रा निकलेगी। कलश यात्रा ऊपर नीचे रोड शिव मन्दिर से दोपहर 2 बजे प्रारंभ होगी। कलश यात्रा का जगह जगह सभी समाज के द्वारा स्वागत, आतिशबाजी, डोल,नर्तक दल के साथ स्वागत किया जाएगा। कलश यात्रा शहर के मुख्य मार्ग से निकलेगी। कलश यात्रा समिति की महिलाओं ने बाबा रामदेव मंदिर में अंतिम तैयारी की समीक्षा बैठक आयोजित कर कमियों को सुधारने की योजना बनाकर कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए बैठक में कार्यभार का वितरण किया गया।

### ग्रामीण ने पेड़ पर फांसी लगाकर की खुदकुशी

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम कुल्हारकट्टा में ग्रामीण ने पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। ग्राम कुल्हारकट्टा के सदाराम कोर्राम ने पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सदाराम कोर्राम का आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस मर्ग ने कायम कर मामले की विवेचना कर रही है।

### पानीडोबीर जसनि शिविर स्थगित

**कांकेर।** जिले के कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत पानीडोबीर में कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार शुक्रवार 29 नवम्बर को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाना था, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है।

### युवक-युवतियों के दल ने किया भिलाई का भ्रमण




**अंतागढ़।** 28 वीं वाहिनीं अंतागढ़ के कार्यक्षेत्र के नक्सल प्रभावित क्षेत्र गाँव भैयासालेभाट, पादरगाँव एवं फूलपाड के 20 युवाओं जिसमें15 युवक एवं 05 युवतियों को तीन दिवसीय 26 से 28 तक भिलाई भ्रमण करने का मौकाद मिला। युवाओं को भिलाई स्टील प्लांट, मैत्री पार्क एवं शहीद पार्क, भिलाई आदि का भ्रमण करवाया गया। इस अवसर पर डीआईजी थॉमस चाको एवं 28 वीं वाहिनी अंतागढ़ के कमांडेट अरूण देवगम की अहम भूमिका रही।

### सर्व आदिवासी समाज का शपथग्रहण कार्यक्रम कल

**भानुप्रतापपुर।** सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक भानुप्रतापपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सचिव व पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 30 नवम्बर को शहीद गैंदसिंह शेष पेज 10 पर

## तेंदुए का आतंक : एक ही रात में दो बछड़े पर हमले से गांव में दहशत

# ठेलकाबोड गांव के छोटेपारा में तेंदुए ने चार माह के बछड़े को मारकर पेड़ पर टांगा और दूसरा ले गया


हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

कांकेर सीमा से लगे गाँव ठेलकाबोड़ के छोटेपारा में 27 नवंबर की रात को तेंदुआ ने एक 4 माह के बछड़ा को उठाकर पेड़ के ऊपर ले गया और टांग दिया। पहाड़ में जाते जाते एक गाय के बछड़े को अपने साथ ले गया। तेंदुआ के रात के आतंक को गांव वालो ने 28 नवंबर की सुबह देखा और पूरी घटना गाँव में आग की तरह फैल गई। घटना के बाद से गाँव में दहशत का माहौल बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार ठेलकाबोड़ के छोटेपारा निवासी दिनेश जैन ने बताया कि बीती रात 27 नवंबर को रात में घर के पास पेड़ के नीचे गाय, बैल और बछड़ा को बांधकर रखा गया था। मैं 28 नवंबर की सुबह 6 बजे दूध दुहने के लिए गया, तो देखा कि वहां पर बछड़ा नहीं था, जिसकी जानकारी मैने अपनी पत्नी कुमारी बाई जैन को दिया। हम लोग बछड़े की तलाश गाँव में इधर से उधर कर रहे थे, कुछ देर बाद मेरे पड़ोसी सुरेश ने देखा कि जिस पेड़ के नीचे दिनेश ने अपने गाय, बैल और बछड़ा को रखा था, उसी पेड़ के ऊपर डंगाल में 4 माह का बछड़ा लटका हुआ था। पेड़ पर देखने से तेंदुआ के नाखून और खून के निशान दिखे, जिससे हम लोगों को लगा कि तेंदुआ ने हमला किया है और इसकी जानकारी वन विभाग को 28 नवंबर को दिया गया। वन विभाग की टीम पहुँचती उसके पहले पता चला कि इस घटनास्थल के शेष पेज 10 पर

**खास बातें**

- वन विभाग की टीम ने किया मौके का मुआयना और ग्रामीणों को दी हिदायत
- ग्रामीणों ने खून के निशान और बछड़े को देखते दहशत में आएं
- तेंदुआ पुन्नू के गाय के बछड़े को ले गया, जिसकी अभी तक नहीं हो पाई है शिनाख्त



पेड़ पर टंगा हुआ गाय का बछड़ा लाल घेरे में



पेड़ में तेंदुआ के पैर के निशान लाल घेरे में

### 28 की शाम साढ़े 6 बजे फिर से दिखे दो तेंदुए

ठेलकाबोड़ के लोगों ने हरिभूमि को 28 नवंबर की सायं पौने 7 बजे फोन करके बताया कि पहाड़ की ओर दो तेंदुआ फिर से दिखाई दिए है, परंतु हल्ला होने के कारण तेंदुआ पहाड़ की ओर वापिस हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि इन तेंदुआ को नहीं रोका गया तो आज रात फिर से किसी न किसी ग्रामीण के जानवर को उठाकर ले जाएंगे।

### गश्त के लिए टीम किया गया तैनात

परिक्षेत्र अधिकारी रहमान खान ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर गाँव के लोगों को सतर्क कर दिया गया है, वहीं हमारी एक टीम गांव का भ्रमण कर रही है। हमारी टीम उस पर नजर बनाए हुए है और यह प्रयास होगा कि रात को गाँव में धावा न बोले, उसकी निगरानी की जा रही है, उसके बाद नियमानुसार कार्यवाही किया जाएगा। ग्रामीण के जानवर की मौत हुई है, उसका प्रकरण बनाकर मुआवजा राशि उपलब्ध करवाया जाएगा।

### दहशत का माहौल बना हुआ है

जानकारी के अनुसार बीती रात को हुई घटना से छोटेपारा ठेलकाबोड़ में दहशत का माहौल बना हुआ है और ग्रामीणों में दिनभर तेंदुआ को लेकर चर्चा बनी रही। वन विभाग का अमला गाँव वालों को अंधेरे में नहीं निकलने की समझाईश भी दिया है। वन विभाग की टीम लगातार गश्त कर रही है और पूरी घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दिया है।



पेड़ से उतारकर रखा गया बछड़ा, जिसे तेंदुआ ने किया घायल

## छिंदंखड़क एवं तिरियारपानी में रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरहरपुर

सरोना तहसील के अंतर्गत अति संवेदनशील क्षेत्र छिंदखड़क व तिरियारपानी पहुंचने के पहले विधायक आशाराम नेताम को नदी पार करके ऊबड़खाबड़ सड़क में पैदल चलना पड़ा। ग्रामीण विधायक को अपने बीच पाकर खुशी से झूम उठे एवं बाजे गाजे के साथ महिलाओं ने आरती उतारकर स्वागत किया। विधायक के स्वागत में पूरा गांव उमड पड़ा एवं विधायक ने विधायक निधि से सीसी सड़क व टीना शेड का भूमिपूजन किया। विकासखण्ड नरहरपुर के सरोना तहसील के अंतर्गत अति संवेदनशील गांव छिंदखड़क एवं तिरियारपानी पैदल मार्च करते हुए विधायक आशाराम नेताम पहुँचे और ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्या को बारी बारी से गंभीरता से सुना एवं उनका निराकरण भी किया। इस अवसर पर ने कहां कि विधानसभा चुनाव के दौरान आप लोगों ने सीसी सड़क का मांग किया था, जो आज पूरा हो रहा है। विधायक ने विधायक निधि से सीसी सड़क व टिना शेड का भूमिपूजन छिंद खड़क एवं तिरियार पानी में किया। उन्होंने कहा कि मैं इस क्षेत्र का विधायक नहीं, आप लोगों का सेवक हूं। आप सभी लोगों की मेहनत से एक गरीब किसान का बेटा शेष पेज 10 पर

- नदी पार करके विधायक आशाराम नेताम पहुँचे गांव

## एटीएम 1 माह से बंद, लोग परेशान बैंक प्रबंधन की लापरवाही उजागर




**दुर्गुकोंदल।** जिले के विकासखंड मुख्यालय दुर्गुकोंदल में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा में इकलौता एटीएम लगा हुआ है, परंतु यह एटीएम एक माह से बंद पड़ा हुआ है, जिससे इस विकासखंड के अधिकतम ग्रामीणों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वहीं बैंक प्रबंधन को इसकी जानकारी होने के बाद भी समस्या के निराकरण के लिए गंभीरता नहीं दिखा रहा है।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा दुर्गुकोंदल के खातेदारों ने बताया कि एटीएम मशीन एक महिने से खराब है। एटीएम लेकर राशि आहरण कराने आते हैं, लेकिन एटीएम खराब होने से बैरंग लौट जाते हैं। विगत एक माह से बैंक प्रबंधन को जानकारी दिया गया, परंतु अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया है। दुर्गुकोंदल के बैंक प्रबंधन की लापरवाही पूरी तरह से नजर आ रही है। खातेदारों का कहना है कि अभी धान खरीदी चल रही है और खाते में रकम आ रही है। खाते से रकम निकालने के लिए बैक में भीड़ रहती है वहीं एटीएम भी बंद होने से दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों के पैसे निकालने में घंटो का समय बर्बाद हो जाता है। दुर्गुकोंदल के अधिकारी इस विषय पर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है और अपनी जिम्मेदारी से मुँह मोड़ रहे है। सूत्रों की मानें तो स्थानीय अधिकारियों ने एटीएम के खराब होने की जानकारी बैंक मुख्यालय जगदलपुर को दिया गया है, परंतु जगदलपुर से पहल नहीं होने के कारण एक माह से एटीम कक्ष शेष पेज 10 पर

## ताला तोड़ने से मना करने पर सास की पिटाई की, बहू के खिलाफ मामला दर्ज




**कांकेर।** भीरावाही में सास के घर में लगे ताला को बहू तोड़ रही थी। सास के मना करने पर बहू ने सास के साथ गाली देते हुए जमकर मारपीट किया। मारपीट से सास को चोट आई है और सास की शिकायत पर बहू के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

कांकेर थाना में शिकायत करने पहुँची ग्राम भीरावाही के मांझापारा निवासी 76 वर्षीय रामेश्वरी सोनकर पति स्व. शंकर लाल सोनकर ने पुलिस को बताया कि मेरा बेटा योगेश सोनकर एंव बहू बबिता सोनकर अलग मकान में रहते है एंव मै अपने बेटी डगेश्वरी के साथ रहती हूं। मैं 27 नवंबर को घर में ताला लगाकर घर के बाहर रखे धान जो सुखाने के लिए रखा था, उसे देख रही थी, तभी करीबन सुबह 10 बजे मेरी बहू बबीता सोनकर हमारे घर आई और घर मे लगे ताले को ईट से तोड़ने लगी, तब मैं ताला तोड़ने की आवाज को सुनकर घर की ओर आई और अपनी बहू बबीता सोनकर को बोली कि क्यों ताला को तोड़ रही हो बोलने पर मेरी बहू बबिता कहने लगी कि ताला तोड़ने के लिए तू मुझे मना करने वाली कौन होती हो, तुम अपने बेटे को भड़काकर मुझे मार खिलाती हो, तुझे जान से मार दूंगी कहकर बेवजह मुझे गाली देते हुए हाथ थप्पड एंव हाथ में रखे ईट से मारपीट किया, जिससे मेरे दोनो हाथ कोहनी , दाहिने पैर के घुटना मे चोट आया है एंव सीने मे दर्द हो रहा है। मारपीट की घटना को पास में उपस्थित लोगों ने देखा और बीच बचाव किया है। बीच बचाव नहीं किए जाने पर गंभीर चोट आ सकती थी। कांकेर पुलिस ने बुजुर्ग महिला की शिकायत पर बहू बबिता सोनकर के खिलाफ धारा 152 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## भगवान की मूर्तियों को तोड़ने की कोशिश आरोपी न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

भंडारीपारा से मनकेशरी जाने वाले मार्ग में पेड़ के नीचे भगवान शिव व हनुमान की मूर्ति को आरोपी उठाकर नदी के पास ले जाकर तोड़ने का प्रयास किया। मूर्ति के नहीं टूटने पर मूर्ति को वहीं फेंककर चला गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। मामला दर्ज होते ही पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई थी, जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

कांकेर थाना में शिकायत करने पहुँचे 60 वर्षीय भंडारीपारा निवासी वासुदेव नेताम पिता स्व. तीजू राम नेताम ने पुलिस को बताया कि भंडारीपारा से मनकेशरी जाने वाले मार्ग मे दुधनदी के किनारे बरगद पेड के नीचे शिवालय मंदिर है, जिसका मैं पुजारी हूं। शिवालय मे प्रतिदिन भंडारीपारा, मनकेशरी के आम नागरिक भक्ति भाव से पूजा अर्चना करते है। मैं 27 नवंबर को शाम करीबन साढ़े 5 बजे पूजा करने के लिए शिवालय मंदिर गया तो देखा कि भंडारीपारा निवासी नेतराम धनकर पिता स्व. विशम्बर शिवालय में स्थापित भगवान शंकर की शिवलिग एंव भगवान हनुमान की मूति को उठाकर नदी की ओर तोड़ने की कोशिश कर रहा था। मूर्ति नही टूटने पर उठाकर नदी के पास फेंक दिया, जिससे धार्मिक सौहाद्रा समूहों के बीच शत्रुता एंव सौहाद्रा बिगाड़ने की कोशिश करते हुए उपासना के स्थान को क्षति एंव अपवित्र किया है एंव इस घटना से हमारी धार्मिक भावना आहत हुई है । घटना को नागेश यादव और ओमप्रकाश पटेल ने देखा है।

कांकेर थाना प्रभारी मनीष नागर से इस विषय पर बात करने पर बताया कि शिकायतकर्ता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 196 (1) (बी), 298 बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए आरोपी को तलाश किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

- घटना भंडारीपारा की, शिवजी और हनुमान प्रतिमा के नहीं टूटने पर फेंक दिया



आरोपी नेतराम धनकर

मनकेशरी जाने वाले मार्ग का मंदिर

## मानसिक रोगी का यूथ क्लब ने कराया इलाज


**भानुप्रतापपुर।** विकासखण्ड भानुप्रतापपुर में बीते कई दिनों से नगर में घूम रहे मानसिक रोगी युवक जिसका नाम जागेश्वर दर्रो है। बीते दो दिनों से नगर के मैन चौक से लगे काम्प्लेक्स के पास बेसुध होकर पड़ा था, जिसकी जानकारी मिलते ही यूथ क्लब भानुप्रतापपुर के सदस्यों ने हॉस्पिटल ले जाकर इलाज कराया। इलाज में पता चला कि किसी बाइक की ठोकर से युवक का घुटना फ्रैक्चर हो गया है, जिससे उसको चलने में परेशानी हो रही है। यूथ क्लब भानुप्रतापपुर के अध्यक्ष डिकेश साहू ने कहा है कि जागेश्वर दर्रो का हर संभव इलाज कराया जाएगा और उसके घर का पता लगाया जा रहा है। उसके घर का पता



लगते ही उसे उसके घर भिजवाया जाएगा एवं इलाज कराने में यूथ क्लब भानुप्रतापपुर के सदस्य हिमांशु ठाकुर, प्रेम शर्मा एवं नगर के शंकर गांधी ने सहयोग किया।

## एकीकृत पोर्टल में कृषकों का पंजीयन अब 2 तक

**कांकेर।** एकीकृत किसान पोर्टल में कृषकों का कैरीफारवर्ड, पंजीयन तथा पंजीकृत फसल, रकबे की पंजीयन की तिथि अब 02 दिसम्बर तक बढ़ाई गई है। ज्ञात हो कि एकीकृत किसान पोर्टल में कैरीफारवर्ड, पंजीयन शेष रहने की जानकारी दी गई है। किसानों का कैरीफारवर्ड, पंजीयन तथा पंजीकृत फसल, रकबे में तिथि अनुसार संशोधन की कार्यवाही के लिए अतिरिक्त समय का प्रावधान तहसील लॉगिन में किया जा रहा है। राजस्व ग्राम वनाधिकार पट्टा, वनग्राम एवं असर्वेक्षित ग्राम, डुबान क्षेत्र, संस्थागत, रेगहा, बटाईदार और लीज के कृषकों का कैरीफारवर्ड, पंजीयन शेष रहने पर अतिरिक्त समय दिए जाने की अपेक्षा की गई है।




## खड़े ट्रक से बाइक टकराई चालक युवक की हुई मौत

**सरोना।** अभनपुर से सरोना की ओर बीती रात को जा रहे मोटर सायकल सवार में दो युवक बस को साईड देने के चक्कर में सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गए, जिसमें मोटर सायकल चालक की मौत हो गई वहीं पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे बेहतर ईलाज के लिए हायर सेंटर रायपुर भेजा गया। जानकारी के अनुसार मोटर सायकल चालक सरोना निवासी 23 वर्षीय दीपक पिता स्व. रामू एवं रोशन नेताम मोटरसाइकिल सीजी 19 बीएच 7810से अभनपुर से सरोना आ रहे थे। इसी दौरान दलदली के पास सड़क किनारे एक ट्रक खड़ी हुई थी। बस को साइड देने के चक्कर में मोटरसाइकिल सवार युवक खड़ी ट्रक से टकरा गए, जिसमें मोटर सायकल चला रहे युवक दीपक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई एवं दूसरा युवक रोशन को घायल अवस्था में दलदली के उपसरपंच सुदामा यादव, नरेश साहू व टीकम साहू ने कार में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरोना पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवक को रायपुर के लिए रिफर कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि खराब ट्रक अभी भी शेष पेज 10 पर






## अतिसंवेदनशील 7 गाँव में हर घर में पानी पहुँचाने के लक्ष्य को किया पूरा

# माओवादी प्रभावित गांवों में बीएसएफ कैंप लगाकर सरकार पहुँचा रही ग्रामीणों को लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

जिले के घोर नक्सल ईलाके के गांव पानीडोबीर, आलपसर, हेटारकसा, गुंदूल, अलपर, जुगड़ा और चिलपरस के लोगों को पीने के पानी के लिए कई किमी. तक भटकना पड़ता था। केंद्र सरकार की जल जीवन योजना के तहत इन गाँवो में अब ग्रामीणों को शद्व पीने का पानी मिलने लगा है। अतिसंवेदनशील गाँव के लोगों ने खुशी जताते हुए कहा कि नियद नेल्लार योजना के तहत गाँव में अब मूलभूत सुविधा के कई काम सरकार ने करवाएं है, जिससे इस क्षेत्र के लोगों को राहत मिली है।

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही प्रदेश के सीएम विष्णुदेव साय ने कांकेर जिले के अतिसंवेदनशील एवं माओवाद प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए नियद नेल्लानार योजना लागू करते हुए अद्वसैनिक बलों के कैंप खोले गए है और सुरक्षा देते हुए उस क्षेत्र के लोगों को विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं की पहुंच चयनित गांवों में सुनिश्चित की जा रही है। जिले के कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के क्लस्टर ग्राम पानीडोबीर सहित 07 गांवों में जिला प्रशासन द्वारा सतत विकास कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। शत-प्रतिशत ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने लगातार कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। इसके तहत सड़क सम्पर्क, पुल-पुलिया निर्माण, आधार एवं राशन कार्ड बनाने, वन अधिकार पट्टा देने सहित स्वास्थ्य, विद्युत और पेयजल जैसी अनेक आवश्यक सेवाओं व सुविधाओं को सुलभ एवं सुचारू बनाने के भगीरथी प्रयास प्रशासन द्वारा किए जा रहे हैं।

नियद नेल्लानार योजना के तहत चयनित ग्राम पानीडोबीर सहित आलपरस, हेटारकसा, गुन्दूल, अलपर, जुगड़ा और चिलपरस के ग्रामीणों को जलजीवन मिशन के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहयोग से क्रेडा द्वारा सोलर सौर उर्जा आधारित 14 नग सोलर आधारित ड्यूल पंपों की स्थापना की गई है। पानीडोबीर में 01 नग, आलपरस में 03, हेटारकसा में 02, गुन्दूल और मर्राम में 02, अलपर में 01, जुगड़ा में 02 तथा ग्राम चिलपरस में 03 नग में स्थापित किया गया, जिससे सभी ग्रामवासियों को शुद्ध पेयजल मिलने लगा है। गर्मी के दिनों में भूजल स्तर में गिरावट आ जाने से गांव के अधिकांश कुएं सूख जाते थे और पानी की शुद्धता भी बहुत अच्छी नहीं रहती थी। सोलर आधारित ड्यूल पंपों की स्थापना के बाद अब हर घर नल-जल कनेक्शन से ग्रामवासियों के प्रत्येक घर में स्वच्छ और शुद्ध पेयजल आपूर्ति हो रही है।

- नियद नेल्लार योजना के क्रियान्वयन से मूलभूत सुविधाएं मिल रही




हरिभूमि

पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### ब्लॉक कबड्डी संघ की निर्णायक परीक्षा 1 को

**चारामा।** ण्चारामा ब्लॉक कबड्डी संघ के तत्वाधान में ब्लॉक स्तरीय कबड्डी निर्णायक परीक्षा 2024-25 का आयोजन 1 दिसंबर रविवार को शासकीय माध्यमिक शाला माहुद चारामा में आयोजित किया जाएगा। यह परीक्षा तीन चरणों लिखित, प्रैक्टिकल और वायवा साक्षात्कार में पूरी कराई जाएगी। परीक्षा में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए लियर आवेदन फॉर्म को भरकर चारामा ब्लॉक कबड्डी संघ के सचिव के पास जमा करना होगा। शैक्षणिक योग्यता 12वीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य, आयु सीमा 18 वर्ष या उससे अधिक, स्थान केवल चारामा ब्लॉक के निवासी ही आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों को अपना आधार कार्ड, टी-शर्ट, लोअर और व्यक्तिगत व्हिसिल सीटी साथ लानी होगी। आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 नवम्बर है। परीक्षा में सफल होने पर ही अभ्यर्थी जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की निर्णायक परीक्षाओं के लिए पात्र होंगे। चारामा ब्लॉक कबड्डी संघ की ओर से आयोजित इस महत्वपूर्ण परीक्षा में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें।

### रसोइया संघ की बैठक होगी 1 को

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ स्कूल मध्याह्न भोजन रसोईया संयुक्त संघ की बैठक 1 दिसंबर को शीतला मंदिर परिसर कलेक्टोरेट रोड कांकेर में आयोजित की जाएगी। बैठक में रसोइयों के वेतन के संबंध में चर्चा की जाएगी और इसके साथ आगे की रणनीति पर चर्चा किया जाएगा। बैठक में सातों ब्लॉक के रसोइयों को उपस्थित होने कहा गया है।

### रेड क्रॉस सोसायटी प्रबंध समिति की बैठक कल

**दंतेवाड़ा।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी राज्य शाखा रायपुर के आदेशानुसार जिला शाखा दंतेवाड़ा में प्रबंध समिति के गठन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस प्रबल समिति में जिला शाखा के सदस्यों की अंतिम रूप से प्रकाशित सूची तैयार कर ली गई है। तथा आगामी 30 नवंबर दोपहर 1 बजे कार्यालय कलेक्ट्रेट के डंकनी सभाकक्ष में साधारण सभा की बैठक आयोजन किया जाएगा। इसके लिए संरक्षक,उपसंरक्षक एवं आजीवन सदस्यों को सूचित भी कर दिया गया है।

## निधन

### सुलोचना बाई भारद्वाज



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत आवासपारा 75 वर्ष निवासी सुलोचना बाई भारद्वाज (75) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार दुर्गुकोंदल के मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें ग्रामवासी व रिश्तेदार उपस्थित रहे। स्वर्गीय सुलोचना भारद्वाज राजेश भारद्वाज की माता एवं राजा कौशिक की नानी थी।

# पैराडाइज़ स्कूल में वार्षिक खेलकूद जारी, दूसरे दिन हुई विविध प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल में चल रहें चार दिवसीय वार्षिक खेल कूद के द्वितीय दिवस में मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला द्वारा छात्र-छात्राओं को विद्यार्थी जीवन में खेल का महत्व एवं गुरूजनों एवं माता-पिता, अपने से बड़ों के प्रति सम्मान के बारे में बताते हुए खिलाड़ियों को शुभकामनाऐं प्रदान किया।

आयोजित वार्षिक खेल कूद के द्वितीय दिवस में द्वितीय दिवस के खेल में जूनियर एवं सिनियर रिले रेस, सिनियर बॉयस कबड्डी, सिनियर गर्ल्स बास्केबाल, सब जूनियर ग्रुप बॉयस खो-खो, जूनियर ग्रुप बॉयस कबड्डी, सब जूनियर ग्रुप खो-खो आदि खेल हुए जिसे अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। नडोर गेम्स में कैरम, चैस, टेबल टेनिस आदि खेल में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सब जूनियर ग्रुप के लिए म्यूजिकल चेयर, स्पून रेस, पोटैटो रेस के अलावा सेक रेस कलर पिकिंग, बेलून ब्लास्टिंग आदि खेलों में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर खेल का आनंद लिया। मिनी जूनियर ग्रुप को स्पून रेस, पोटैटो रेस, म्यूजिकल चेयर खेल इन्चार्ज टीचरों के द्वारा कराया गया। इन सभी खेलकूद को संपन्न कराने मे प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगिरी, एडमिनिस्ट्रेटर हमीद खान वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा, रूबी खान, पवित्र बढ़ाई, रामेश्वरी साहू, प्रशांत कुमार उइके, यमुना बिलोधिया, संतोष कुमार ठाकुर, दीपांजली, गोगोई, वर्षा रमानी, एस. मर्सी, मेघा सेवा, शबाना परवीन, तीरथ साहू, अवतार सिंह, कृष्णापद कुंभकार, भारती सेठिया, प्रतीक सिह, संगीता भारती, जीतूदास माण्डले, सरिता मिश्रा, सुचिस्मिता खान, इतिश्री गोलुगुरी, अनिल कुमार ढाके, उज्वल निर्मलकर, शांति लीना नेताम, रीया सोनी, प्रीतिलता, सुन्नदा शर्मा, शिखा मेहरा, रचना शर्मा, लक्ष्मीनारायण नामदेव, तुलसी निषाद, अपूर्वा ठाकुर, टांकेश्वर साहू, सुकदेव सरकार, सलमा खान, पविन्द्र साहू, पेकेंटेश, रिंकी सेठी, शिल्पी पालित, पार्वती गजबल्ला, देवश्री साहू, निधि साहू, प्रियंका श्रीवास्तव, सपना पाण्डे, कमलप्रीत कौर, अभिनव सिंह, आदि शिक्षकों का योगदान रहा।

**कबड्डी और खोखो स्पर्धा में झलकी प्रतिभा**



**भ्रमण : टीम में 20 युवक और युवती हैं शामिल**

# आदिवासी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के तहत पहला जत्था बैंगलुरू रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

16 वॉं आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत 28 नवंबर को जिला कांकेर छत्तीसगढ़ के अति दुर्गम एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से 20 आदिवासी युवा लड़के एवं 20 युवा लड़कियों के पहले जत्थे को रायपुर रेलवे स्टेशन से बैंगलोर कर्नाटक के लिए रवाना किया गया। सीमा सुरक्षा बल के 02 पुरूष सुरक्षा अधिकारी और 02 महिला सुरक्षा अधिकारी भी इनके साथ रवाना हुए। ये जत्था बैंगलोर में भारत के विभिन्न राज्यों के अन्य आदिवासी युवाओं से मिलकर अन्य राज्यों की संस्कृति से रूबरू होगा।

माई भारत नेहरू युवा केन्द्र संगठन नई दिल्ली युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं गृह मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में 16 वॉं आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रत्येक आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम की अवधि 07 दिन है। छत्तीसगढ के कांकेर और नारायणपुर जिले में तैनात सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ के नक्सल प्रभावित इलाके से इस वर्ष कुल 13 भ्रमण कार्यक्रमों के अंतर्गत 18 से 22 वर्ष आयु वर्ग के 500 चयनित युवा भाग ले रहे है। इस आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम की प्रमुख गतिविधियों में संवैधानिक अधिकारियों और प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ संवाद सत्र, पैनल चर्चा, व्याख्यान सत्र, भाषण प्रतियोगिता, कैरियर संबंधी मार्गदर्शन, चल रहे खेल आयोजनों के बारे में जानना शामिल है। इसके अलावा प्रतिभागी बैंगलोर के उद्योगो एवं सुरक्षा बलों के कैम्पो का भ्रमण करेंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत आदिवासी युवक एवं युवतियों को उनके उज्वल भविष्य तथा अधिकार के बारे में उचित व उपयुक्त जानकारी प्रदान की जाएगी और साथ ही साथ अन्य राज्यों से भाग लेने वाले युवक-युवतियों के बीच मेल-मिलाप बढ़ेगा, जिससे वे एक-दूसरे के खान-पान, रहन-सहन, सांस्कृतिक गतिविधियाँ एवं वेशभूषा से रूबरू होंगे। इस कार्यक्रम में सभी राज्यों के स्थानीय लोक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी और साथ ही बैंगलोर के प्रसिद्ध, दर्शनीय एवं सांस्कृतिक महत्व के स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। पहले जत्थे को बैंगलोर कर्नाटक रवाना करते हुए आनंद प्रताप सिंह, महानिरीक्षक, सीमा सुरक्षा बल सीमांत मुख्यालय विशेष संक्रिया छत्तीसगढ़ ने बधाई व शुभकामनाएँ दी।




# सशिमं भानुप्रतापपुर को मिली टेबल और बेंच, माना आभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

सामाजिक सरोकारों को लेकर सदैव की अग्रणी रहने वाले गोयल ग्रुप के द्वारा गुरुवार एक बार फिर अपने सामाजिक सरोकारों में सहभागिता निभाते हुए कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर अनुविभाग में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं के अध्ययन के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था के लिए विद्यालय प्रबंधन को टेबल और बेंच प्रदान किया गया, ताकि बच्चों को पढ़ाई के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था का सामना न करना पड़े। विद्यालय प्रबंधन ने गोयल ग्रुप के इस पहल पर खुशी जताई। भानुप्रतापपुर के सरस्वती शिशु मंदिर में पांच सौ से अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। इस विद्यालय में बच्चों के बैठने की सुविधाओं के अभाव को देखते हुए विद्यालय प्रबंधन द्वारा श्री बजरंग आयरन ओर माइंस प्रबंधन को इस परेशानी से अवगत कराया गया था, जिस पर माइंस प्रबंधन द्वारा गम्भीरता से विचार करते हुए विद्यालय को टेबल और बेंच मुहैया कराया गया। गोयल ग्रुप के वरिष्ठ प्रबंधक लायजन रवि तिवारी ने बताया कि उनका संस्थान सदैव ही सामाजिक सरोकारों के निर्वाहन अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। भानुप्रतापपुर क्षेत्र में उनके संस्थान द्वारा कई तरह के जनसरोकार से जुड़े कार्य लगातार कई वर्षों से किए जा रहे हैं तथा आगे भी गोयल ग्रुप सामाजिक सरोकारों में अपनी सहभागिता निभाता रहेगा। विद्यालय समिति के अध्यक्ष सुमंत सिन्हा एवं विद्यालय के व्यवस्थापक सोमदेव नायक ने गोयल ग्रुप के इस सहयोग के लिए गोयल ग्रुप का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर गोयल ग्रुप की ओर से रवि तिवारी और अतुल जैन के अलावा समाजसेवी एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान, भाजपा मंडल महामंत्री डिगेश खापर्डे, विद्यालय के आचार्यगण, अध्यापिकाएं एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# लोकमाता अहिल्याबाई जयंती लिलेझर में धूमधाम से मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लिलेझर में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का 300 जन्म शताब्दी मनाया गया। इस अवसर पर प्रमुख वक्ता सत्यनारायण जैन ने विभिन्न उदाहरण के माध्यम से लोकमाता अहिल्यादेवी के बारे में जानकारी देते हुए छात्र-छात्राओं को अध्ययन अध्यापन के क्षेत्र में प्रेरक व्याख्यान दिया।

आयोजित कार्यक्रम में निर्मला नेताम ने अपने उद्बोधन में लोकमाता अहिल्या देवी के बारे में जानकारी देते हुए उनके जीवन से जुड़े विभिन्न घटनाओं को विस्तार पूर्वक रखते हुए प्रभावशाली ढंग से व्याख्यान प्रस्तुत किया। प्राचार्य हिमालय सिंह गंगराले ने अपने उद्बोधन में सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए शहीदों एवं वीरांगनाओं के जीवनी एवं कार्यों के बारे मे जोर दिया तथा उनके आदर्शों को अपनाकर जीवन में अच्छे नागरिक गुनो को अपना कर एक अच्छा इंसान बनकर देश एवं समाज सेवा करने की बात कही गई। कार्यक्रम पर संचालन विजय राय के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला प्रबंध एवं विकास समिति के अध्यक्ष हरदेव बागमरिया, व्याख्याता राजेश, रोहिणी तिवारी, कमलेश चंद्र सिंहसार, लखन ठाकुर, अमित सक्सेना, टोमनलाल तारमेंद्र, राजेश महावीर,सष्मिता शर्मा, श्वेता रानी लाल, अभिजीत सरकार, मिनती सरकार, रेखा रावत साहु, तरुणा प्रधान, संगीता कोसरिया, मोनिका खत्री, पूजा वैष्णव, हेमंत कोरटिया एवं हेमकुमार देवांगन ,संतोष निषाद, विकास ठाकुर तथा संस्था के समस्त छात्र-छात्राएं छात्रों का सराहनीय योगदान रहा।

### संकुल स्तरीय जैविक खेती प्रतिस्पर्धाएं हुई गीदम में

**दंतेवाड़ा।** भारत सरकार के द्वारा संचालित बृहद क्षेत्र प्रमाणीकरण कार्यक्रम अंतर्गत जिले के 110 ग्राम जैविक प्रमाणित होने के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन के द्वारा ऑर्गेनिक दंतेवाड़ा कान्क्लैव का आयोजन दिनांक 6-7 दिसंबर को किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के पूर्व जिले के प्रत्येक क्लस्टर में महिला समूहों के लिए "परम्परागत, देसी व्यंजन प्रतियोगिता" एवं "जैविक खेती प्रतिस्पर्धा का आयोजन किये जाने के क्रम में नाग देवता संकुल संगठन मुचनार में ऑर्गेनिक दंतेवाड़ा कॉन्क्लेव 2024 के अंतर्गत महिला स्व सहायता समूह के लिए परंपरागत देशी व्यंजन प्रतियोगिता एवं जैविक खेती प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 17 स्व सहायता समूह के दीदियों ने देशी व्यंजन प्रतिस्पर्धा में भाग लिया, जिसमे स्थानीय व परम्परागत सामग्रियों से 26 प्रकार के स्वादिष्ट पकवान बनाकर प्रस्तुत किया गया। साथ ही जैविक खेती प्रतिस्पर्धा में 8 स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा जीवामृत, हांडी दवा, घनामृत, बीजामृत, गोबर खाद के उत्पाद का प्रदर्शन किया गया। इस क्रम में व्यंजन प्रतियोगिता अंतर्गत साक्षी स्व सहायता समूह करकोटी ने प्रथम स्थान तथा द्वितीय स्थान माता तुलसी स्व सहायता समूह पदमेटा ने हासिल किया। जबकि जैविक खेती प्रतिस्पर्धा अंतर्गत प्रथम स्थान पर मां दंतेश्वरी स्व सहायता समूह मुचनार, द्वितीय स्थान पर वान्या मां दंतेश्वरी स्व सहायता रोजे का रहा। कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

# पुलिया निर्माण का पुनः सर्वे कराकर छतिग्रस्त होने वाले घर को बचाने व मुवावजा की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- कांग्रेस ने एक तरफा हो रहे उच्च स्तरीय पुलिया निर्माण को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में गुरुवार को पदाधिकारी व वार्डवासियों द्वारा नेशनल हाईवे 30 खड़गघाट, प्रवीर वार्ड में हो रहे एक तरफा उच्च स्तरीय पुलिया निर्माण का पुनः सर्वे कर प्रवीर वार्ड में छतिग्रस्त होने से बचाने व पीड़ति परिवार को मुवावजा देने हेतु कलेक्टर बस्तर एस हरीश को ज्ञापन सौंपा गया। मौर्य ने बताया, की एन.एच.30 से खड़कघाट मार्ग पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कार्य प्रगतिरत है। उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा अवैध निर्माण किये जाने के संबंध में धारा 322, 323 के तहत मकान खाली कर (प्रवीरवार्ड क.01) लगभग 20 से 25 परिवारों को अंतिम नोटिस देकर घर से बेघर किया जा रहा है। जबकि सरकार को पुलिया निर्माण हेतु सड़क के दोनो ओर पूर्व व पश्चिम में सर्वे कर कराया जाना था किंतु सिर्फ पूर्व में किया जा रहा है सरकार को पश्चिम में भी अतिक्रमण किया जाना चाहिए जिससे वार्डवासियों का नुकसान कम हो ,उक्त समय में वर्तमान स्थल पर यह परिवार लगभग 40 से 60 वर्ष पूर्व से निवासरत है और राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत वर्ष 1998 में 30 वर्षीय पट्टा प्राप्त यह परिवार जीवन यापन कर रहे है साथ ही उसी जगह पर यह पीड़ति परिवार ने एक-एक पूंजी अर्जित कर 5 से 10 वर्ष पूर्व पक्का मकान का निर्माण करवाया है। जिसका नगर पालिक निगम के द्वारा मकान का निर्धारित शुल्क (संपति कर) प्रतिवर्ष भूगतान किया भी जा रहा है। उन्होंने कलेक्टर को ज्ञापन के माध्यम से इस विषय पर अवगत कराकर निवेदन कर कहा, कि पीड़ित परिवारों को कम नुकसान हो इसके लिए संबंधित विभाग को पुनः सर्वे कराए जाने आदेशित किया जाए साथ ही पुल निर्माण में बाधित मकान का इंजीनियर से मूल्यांकन कराकर उचित मुआवजा व रहने के लिए आवास दिलवाने का प्रयास किया जाए, ताकि वह अपना जीवन यापन कर सकें।अतः कॉंग्रेस पार्टी व वार्ड के पीड़ित परिवार के सदस्य हृदयदिल से सदैव आपके आभारी रहेंगे।जिस पर कलेक्टर बस्तर एस हरीश ने इस मामले पर सकारात्मक हल निकाल निजात दिलाने की बात कही।

इस दौरान रविशंकर तिवारी, उपनेता प्रतिपक्ष राजेश राय, एडवोकेट संकल्प दुबे, प्रभारी महामंत्री जाहिद हुसैन, अनुराग महतो सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

# कोदापाखा धान उपार्जन केंद्र में शानदार इंतजाम से किसानों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर 14 नवम्बर से जिले के धान खरीदी केन्द्रों में किसानों से धान क्रय किया जा रहा है। इस बार केन्द्रों में किसानों के लिए विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश शासन द्वारा दिए गए हैं, जिसके पालन में कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार सभी जरूरी इंतजाम केन्द्रों में किए गए हैं। जिले के दुर्गुकोंदल विकासखण्ड के ग्राम कोदापाखा स्थित धान खरीदी केन्द्र में आए किसानों के चेहरे पर खुशी एवं संतुष्टि की चमक दिखाई दी। उक्त केन्द्र में धान बेचने आए ग्राम कोदापाखा के किसान तिलचंद सिन्हा एवं जयबती सिन्हा ने बताया कि वे 115 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर बेचने आए हैं तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार द्वारा 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से धान खरीदा जा रहा है, जो किसानों के लिए बहुत बड़ी सौगात है। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट करते हुए बताया कि उक्त केन्द्र में किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं है। किसानों के लिए सभी जरूरी मूलभूत सुविधाएं यहां उपलब्ध हैं। इसी केन्द्र में हमाल का काम करने वाले देवराज बघेल और ग्राम मेड़ो के शिवनाथ धुरव ने बताया कि कोदापाखा केन्द्र में उन्हें किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही है। किसानों द्वारा लाए गए धान को बारदानों में डालकर इलेक्ट्रॉनिक कांटे में तौलकर उनकी सिलाई अच्छी तरह से की जाती है। उन्होंने बताया कि प्रति क्विंटल 11 रूपए के मान से राशि का भुगतान किया जाता है, जिससे वे खुश हैं। समिति के ऑपरेटर सागर सिन्हा ने बताया कि धान खरीदी केन्द्र में कम्प्यूटर सिस्टम, स्कैनर, प्रिंटर, इनवर्टर तथा इंटरनेट सुविधा के अलावा सीसी टीव्ही कैमरे आदि उपलब्ध हैं। उक्त केन्द्र में सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध हैं तथा यहां प्रतिदिन औसतन 22-25 किसान टोकन के अनुसार धान बेचने आते हैं। ऑपरेटर ने बताया कि यहां की समुचित व्यवस्था से किसान, हमाल और मंडी स्टॉफ सभी संतुष्ट हैं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग, दांत रोग का इलाज

## अलनार, साडरा, मिचनार में नेटवर्क की समस्या से ग्रामीण परेशान, सौंपा ज्ञापन

**जगदलपुर/लोहण्डीगुड़ा।** बस्तर विकास खंड लोहण्डीगुड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत अलनार,साडरा, मिचनार में वर्षा से नेटवर्क की समस्या से ग्रामवासी जूझ रहे हैं। समस्या को सून क्षेत्र के भाजपा युवा नेता भरत कश्यप के नेतृत्व में गुरुवार को गांव के प्रमुखों के साथ बस्तर कलेक्टर व लोहण्डीगुड़ा एसडीएम कार्यालय पहुंच नेटवर्क टावर लगाने की मांग रखी। कश्यप ने कहा गांव में टावर नेटवर्किंग नहीं होने के कारण किसान का आनलाइन टोकन पंजीयन समय पर नहीं हो रही हैं। एवं खाद बीज सीज़न पर लेम्पस में बार-बार आना जाना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत अलनार में संचालित आईडीबीआई बैंक खुला हैं जिसमें किसानों, महिला,महिलाओं समुह, बुजुर्ग, महिला,पेंशन धारकों का बैंक खाता है। जिससे खाता का लेन देन नहीं होती है। ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण को मिलने वाली सरकारी वाहन जैसे अस्पताल एम्बुलेंस 108, 102,112 गाड़ी से समय पर संपर्क नहीं होती है। गांव में नेटवर्क टावर की व्यवस्था कराने के लिए बस्तर कलेक्टर हरीश एस व लोहण्डीगुड़ा अनुविभागीय अधिकारी शंकर लाल सिन्हा को ज्ञापन सौंपा गया। इस समस्या को सून जल्द समाधान करने की आश्वासन दिया है। इस





